## एक नजर में



### गौरव गान से गूंजा महाविद्यालय का आंगन

**उज्जैन।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन में राष्ट्रगीत की जानकारी संबंधित कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मीना मोघे, प्रोफेसर इंदु बंसल एवं डॉ. आनंद सिंदल के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को राष्ट्रगीत की जानकारी देते हुए कहा कि 150 वर्ष पूर्व बंकिम चंद्र चटर्जी के द्वारा लिखे गए इस गीत ने न केवल राष्ट्रीय आंदोलन को मजबूत किया वरन् इसके पवित्र भाव आज भी मन के तारों को भाव रंजित करते हैं। यह हमारे देश का जय घोष गान है। आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. अजय भार्गव ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्र प्रेम का अमर गान है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आनंद सिंदल ने अपने प्रमुख वक्तव्य में छात्राओं को वंदे मातरम् गीत का पंक्तिबद्ध अर्थ बताते हुए कहा कि बंकिमचंद्र चटोपाध्याय के उपन्यास आनंद मठ जो की बांग्ला भाषा में लिखा गया था, इसी उपन्यास में संस्कृत में लिखे गए इस महान गीत को 24 जनवरी 1950 में राष्ट्रगीत घोषित किया गया। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मीना मोघे ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान में अंतर बताते हुए छात्राओं को अवगत कराया कि यह गीत राष्ट्रीय आंदोलन के समय लिखा गया था और अंग्रेजों के शासन में इसे प्रतिबंधित कर दिया था। लेकिन आज हम गर्व से इसका गायन करते हैं। डॉ. इब्राहिम अली ने राष्ट्रगीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस गीत को श्री ओंकार नाथ ठाकुर ने संगीतबद्ध किया था। संचालन एवं आभार की अभिव्यक्ति डॉ. रूपा भावसार ने की। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।



### 1 से 3 दिसम्बर को कुश्ती प्रतियोगिता

**उज्जैन।** कार्तिक मेला अंतर्गत स्वर्गीय धन्नालाल चौधरी की स्मृति में कुश्ती एरिना में संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नगर पालिक निगम द्वारा 1 दिसंबर से 3 दिसंबर के मध्य आयोजित होगी। यह निर्णय शुक्रवार को समिति संयोजक श्रीमती भारती विजय चौधरी द्वारा समिति की बैठक में लिया गया। साथ ही स्वर्गीय राम भैया यादव की स्मृति में कुश्ती एरिना में एक दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23 नवंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा। बैठक में समिति सहसंयोजक रवि राय, विजय सिंह कुशवाहा, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, छोटेलाल मंडलोई, नोडल अधिकारी मनोज मौर्य, सह सचिव रविकांत मगरदे, सहयोगी मनोज राजवानी, सुनील जैन, प्रवीण वाडिया एवं मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के सह सचिव विजय चौधरी उपस्थित रहे।

### 14 को पूर्व महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मेलन

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा 14 नवंबर शुक्रवार को नगर सरकार के पूर्व महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों का स्नेह सम्मेलन मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल महाकाल मंदिर के पास सुबह 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु महापौर मुकेश टटवाल द्वारा एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा एवं होटल मैनेजर सतीश पाठक के साथ सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का निरीक्षण किया गया, स्नेह सम्मेलन में नगर सरकार के सभी पूर्व महापौर, अध्यक्ष, पार्षदों एवं वर्तमान परिषद की उपस्थिति में सहभोज के साथ नगर के विकास की महती भूमिका निभाने वाले जनप्रतिनिधियो के साथ चर्चा की जाएगी।

### श्री मंगलेश्वर महादेव पर छप्पन भोग लगा



**उज्जैन।** अवंतीपुरा स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित भगवान श्री मंगलेश्वर महादेव (शिव परिवार) एवं श्री मंगल मारुति नंदन, कुलदेवी माता श्री अलियासन देवी एवं भैरु महाराज को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती संपन्न हुई। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य शुभम शर्मा एवं निखिल शर्मा ने बताया कि मंदिर में स्थापित भगवान के समक्ष छप्पन भोग अर्पित किये जाने के पूर्व मातृशक्ति द्वारा भजन कीर्तन एवं गरबा और भजन पर नृत्य के कार्यक्रम भी आयोजित हुए। महाआरती मंदिर के संस्थापक सदस्य एवं पत्रकार डॉ. घनश्याम शर्मा, हरिशंकर शर्मा, भूषण जोशी आदि के द्वारा संपन्न हुई। इसके पूर्व भगवान श्री मंगलेश्वर महादेव, मारुति नंदन एवं कुलदेवी अलियासन माता का अभिषेक एवं पूजा अर्चना मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ पंडित द्वारा संपन्न हुई। इस अवसर पर निश्चय शर्मा एवं पूनम शर्मा, पुष्पलता शर्मा, उमा शर्मा, निशा शर्मा, अदिति जोशी, रितिका शर्मा, मोना शर्मा आदि के साथ अनेक श्रद्धालु जन उपस्थित थे। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।



### चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण

**उज्जैन।** महापौर मुकेष टटवाल द्वारा षुक्रवार को चक्रतीर्थ पहुंचकर चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर मुकेष टटवाल द्वारा अधिकारियों को निर्देषित किया गया कि सौन्द्रर्यीकरण कार्य अन्तर्गत बनाए जा रहे सुदर्शन चक्र का निर्माण प्रारंभ करें एवं नवनिर्मित डोम में आम जनों के बैठने हेतु कुर्सियों की व्यवस्था की जाए।

### घाट निर्माण से लेकर चौड़ीकरण अधर में

**उज्जैन।** भर्तृहरि गुफा के योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने अखिल भारतीय नाथ संप्रदाय की ओर से सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है कि सिंहस्थ के कार्य समय पर पूरे किए जाएं। क्योंकि देखने में आया है कि सिंहस्थ क्षेत्र के प्रमुख घाटों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य अभी ठीक से आरंभ भी नहीं हो पाए हैं। मुख्य मार्गों की आंतरिक सड़कों का चौड़ीकरण, स्थाई निर्माण कार्य भी अधर में है। विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, सीवरेज, आवासीय तथा यात्रा प्रबंधन की दिशा में भी कोई स्पष्ट प्रगति नहीं देखी जा रही है। संत निवास, अखाड़े हेतु भूमि आवंटन तथा मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य भी लंबित है। किसानों की भूमि अधिग्रहण के मामलों में मुआवजा दें।

# भव्यता के साथ संपन्न हुआ 67वां अखिल भारतीय कालिदास समारोह

**अतिथिगणों ने कहा -यह कला और संस्कृति का महाकुंभ, बाल कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन, सारस्वत संगोष्ठियों और शास्त्रीय नृत्य-नाटकों से समृद्ध रहा आयोजन**






**उज्जैन।** महाकवि कालिदास की नगरी उज्जैन में एक सप्ताह तक चली साहित्य और संस्कृति की अविरल धारा, 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का भव्य समापन शुक्रवार को हो गया। इस सात दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव ने देश भर के कला प्रेमियों, विद्वानों और कलाकारों को एक मंच पर लाकर, भारतीय विरासत के गौरव को एक बार फिर स्थापित किया।

देश विदेश से उज्जैन कालिदास समारोह में प्रस्तुति देने आए कलाकारों को 1 लाख से लेकर 3000 रुपये तक के पुरस्कार अतिथियों द्वारा दिए गए। समारोह के समापन अवसर पर एक प्रतिभाशाली कलाकार को 1 लाख रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संस्कृति और कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हुए प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह, कलाकारों को उनकी साधना के लिए प्रोत्साहित करने की कालिदास अकादमी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समारोह के दौरान राष्ट्रीय स्तर की शोध संगोष्ठियां जैसे कालिदास साहित्य में स्व-बोध विमर्श लोकप्रिय व्याख्यानमाला और संस्कृत कविसमवाय आयोजित हुए, जहां विद्वानों ने महाकवि कालिदास के साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर विमर्श किया। इस वर्ष राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रतियोगिता की पुरस्कृत कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही, विज्ञान, कृषि, और ज्योतिष जैसे दैनिक जीवनोपयोगी विषयों पर केंद्रित संस्कृत भारती द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

### छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति

समापन समारोह का मुख्य आकर्षण लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। विशेष रूप से, छोटी-छोटी बच्चियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि शास्त्रीय कला और संस्कृति की विरासत नई पीढ़ी में सुरक्षित है और उज्जैन की माटी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कालिदास समारोह न केवल सांस्कृतिक आयोजनों का मंच है, बल्कि यह भारत के ज्ञान और कला परंपरा का एक जीवंत विश्वविद्यालय भी है। इस 67वें आयोजन में कलाओं व संगीत का समागम हुआ। सात दिनों तक देश के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने शास्त्रीय गायन, वादन, भरतनाट्यम, कथक और संस्कृत नाटकों की प्रस्तुति दी।



### कलाकार कुंभ लगा-यह रहे मौजूद

यह समारोह देश भर के कलाकारों के लिए एक कुंभ की तरह होता है, जहां उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने और कला-प्रेमियों से जुड़ने का अवसर मिलता है। समापन अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, कुलगुरु अर्पण भारद्वाज और शैलेन्द्र शर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। इनके अलावा, कार्यपरिषद सदस्य राजेश कुशवाह, संजय अग्रवाल, रूप पमनानी और गोविंद गन्धे की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। नवनीत भसीन समेत बड़ी संख्या में श्रोतागण समारोह के साक्षी बने।

## छात्र को मैसेज भेजने वाले ऑटो चालक का निकाला जुलूस

**उज्जैन। नाबालिग छात्रा को अभद्र मैसेज भेजने वाला ऑटो चालक हिरासत में आया तो हाथ जोड़ने लगा, कान पकड़ कर माफी मांगने लगा, उसका कहना था गलती हो गई, लेकिन पुलिस ने उसे सबक सिखाया और क्षेत्र में जूलूस निकालकर कोर्ट तक लेकर पहुंची।**



मामला नागदा थाना क्षेत्र का है। कक्षा 10 वीं में अध्ययन करने वाली नाबालिग छात्रा प्रतिदिन आटो से विद्यालय जाती है। ऑटो चालक शोएब है, उसने छात्रा से घर का मोबाइल नंबर ले लिया था, जिस पर कुछ दिन से मैसेज भेज रहा था, पहले उसने गुड मार्निंग से शुरुआत की, छात्रा कुछ समझ नहीं पाई, उसके बाद उसने अभद्र और डबल अर्थ वाले मैसेज भेजना शुरू कर दिए। छात्रा मैसेज और ऑटो चालक की हरकतों से मानसिक तनाव महसूस करने लगी। उसने पिता और बड़े भाई को घटनाक्रम बताया। परिजन थाने पहुंचे और आटो चालक के हरकतों को बताते हुए शिकायत दर्ज कराई। एसआई योगिता उपाध्याय ने बताया कि मामला नाबालिग छात्रा से जुड़ा होने पर तत्काल धारा 79 बीएनएस और 7/8 पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया और गुरुवार को ऑटो चालक को हिरासत में लिया। पुलिस गिरफ्त में आते वह माफी मांगने लगा और हाथ जोड़ने लगा। उसका कहना था कि गलती हो गई आगे से ऐसा नहीं करेगा। एसआई उपाध्याय के अनुसार आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में भी कार्रवाई की गई और न्यायालय में पेश कर खाचरौद उपजेल न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मामले में थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि महिला और बाल सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई की जा रही है, ताकि समाज में गलत तत्वों को सख्त संदेश मिल सके।

### चलती कार से गर्दन निकालते ही महिला की मौत

उज्जैन। चलती कार से गर्दन निकालते ही महिला की मौत हो गई। उसे समीप से गुजरे वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। बताया जा रहा है कि शाजापुर की रहने वाली लीलाबाई पति लखन 40 वर्ष परिवार के साथ कार में सवार होकर गमी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नागदा के समीप ग्राम जलोदिया जा रही थी। माकड़ोन के समीप उल्टी आने पर चलती कार से महिला ने गर्दन बाहर निकाली। इस दौरान अचानक पास से गुजरे वाहन ने टक्कर मार दी सर में गंभीर चोट लगने पर महिला घायल हो गई परिवार के लोग तुरंत थे उज्जैन अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी ने पोस्टमार्टम कराया है जांच के लिए मामला माकड़ोन भेजा जाएगा।

## भूमि आवंटन से कार्तिक मेला से नगर निगम को हुई 2 करोड़ 38 लाख रुपए की आय

### खुली भूमि जिसमें कुल क्षेत्र 8 थे जिसमें से 7 आवंटित

**उज्जैन। कार्तिक मेला अंतर्गत भूमि आवंटन समिति की बैठक समिति संयोजक अंजली बालकृष्ण पटेल की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें कार्तिक मेला अंतर्गत इस वर्ष भूमि आवंटन से नगर निगम को आवंटन से आय प्राप्त हुई है उसके बारे में चर्चा की गई।**

सहसचिव प्रदीप सेन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस वर्ष कार्तिक मेला 2025 अंतर्गत नगर निगम को 2 करोड़ 38 लाख से अधिक की आय प्राप्त हुई है। जिसमें खुली भूमि जिसमें कुल क्षेत्र 8 थे। जिसमें से 07 आवंटित हुए। इस प्रकार 16,73,914 रुपए की आय प्राप्त हुई, झूला क्षेत्र कुल 36 थे जिसमें से 36 ही आवंटित होकर 01,46,21,565 रुपए की आय प्राप्त हुई, फूड जोन क्षेत्र कुल 20 थे जिसमें 12 आवंटित हुए ओर 04,56,394 की आय प्राप्त हुई, पद्मिनी श्रृंगार ए ब्लॉक जिसमें 291 दुकान थी जिसमें से 229 दुकानों का आवंटित हुआ। इस प्रकार 51,19,929 रूपये की आय प्राप्त हुई साथ ही पद्मिनी श्रृंगार बी ब्लॉक में 110 दुकाने थी। जिसमें से सभी 110 दुकानों का आवंटन हुआ जिससे निगम को 19,80,272 रुपए की आय प्राप्त हुई बैठक में सहसंयोजक गब्बर भाटी, सुशील श्रीवास, दिलीप परमार, पुरुषोत्तम मालवीय, सह सचिव प्रदीप सेन उपस्थित रहे।

### ड्राइवर ने जहर खाकर किया सुसाइड

**उज्जैन।** ड्राइवरी करने वाले युवक ने जहर खाने के बाद ससुर को कॉल किया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे रात 3 बजे युवक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम कडछली में रहने वाला योगेंद्र पिता कैलाश वाघेला 27 वर्ष के पास अर्टिका कार थी और वह ड्राइवरी करता था। गुरुवार शाम उसने अपने ससुर हीरालाल को कॉल किया और कहा कि जहर खा लिया है। ससुर ने उससे पूछा लेकिन कुछ नहीं बताया। हीरालाल ने दामाद योगेंद्र के परिवार को सूचना दी। परिवार तलाश में निकला और ढूंढते हुए एमआईटी कॉलेज के पास पहुंचा। जहां योगेंद्र की कार खड़ी दिखाई दी। जिसमें वह बेसुध हालत में पड़ा हुआ था। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने भर्ती किया लेकिन रात 3 बजे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि 6 माह पहले ही शादी हुई थी घर परिवार में कोई परेशानी नहीं थी। योगेंद्र ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं है। पुलिस के अनुसार घटना स्थल पर खड़ी कार से कुछ भी नहीं मिला है। जांच के बाद ही जहर खाने की वजह सामने आ पाएगी।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन आज

**उज्जैन।** सीरतुन्नबी कमेटी उज्जैन द्वारा तक़रीरी मुकाबला ओर इस्लामी क्विज़ कॉम्पिटिशन 2025 का प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के 7 साल से की उम्र से लेकर 40 साल तक के लोग ने कार्यक्रम में भाग लिया है। कमेटी के सदर हाजी फ़हीम सिकंदर ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम समापन के अवसर पर तक़रीरी मुकाबला एवं इस्लामी क्विज़ कॉम्पिटिशन 2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नौनिहालों में इस्लामी ज्ञान, तालीम और वक्तृत्व कला के प्रति रुचि बढ़ाना है। आज शनिवार 8 नवंबर को जूना सोमवारिया रिंग रोड स्थित कुरैशी सम्मेलन हॉल शाम 6:00 बजे इनामात तक़सीम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुस्लिम समाज के साथ ही सभी धर्म के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## नगर निगम स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति की बैठक

**उज्जैन। कार्तिक मेला अंतर्गत स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति की बैठक गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित हुई। जिसमें समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि कार्तिक मेला स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत जीरो वेस्ट इवेंट पर आधारित रहेगा। संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु स्वच्छता के स्लोगन लिखे फ्लेक्स, होर्डिंग, बैनर के माध्यम से ब्रांडिंग का कार्य किया जाएगा।**

समिति के सह सचिव राघवेंद्र सिंह पालिया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम द्वारा आयोजित कार्तिक मेले में इस बार निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में तीन शिफ्ट के अनुसार सफाई मित्र लगाए गए हैं। इस प्रकार 70 से अधिक सफाई मित्रों द्वारा मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। मेला क्षेत्र में रात्रि कालीन मेला समाप्त होने के पश्चात विशेष रूप से सफाई का कार्य किया जाता है।

मेला क्षेत्र में दुकानदारों को समझाइश दी जा रही है की दुकानों के बाहर डस्टबिन रखें एवं पॉलीथिन का उपयोग न करें। इसी के साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र में 6 विभिन्न स्थानों पर मॉड्यूलर टॉयलेट रखे गए हैं। जिनकी नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जाता है साथ ही जगह-जगह संकेतक बोर्ड के माध्यम से शौचालय की जानकारी भी दी जा रही है।

समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि जिस प्रकार सफाई मित्रों द्वारा संपूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई का कार्य किया जाता है। इसलिए मेला समापन के अवसर पर सफाई मित्रों का भी सम्मान किया जाए ताकि कर्मचारियों का मनोबल बड़े।



इस दौरान सहसंयोजक श्रीमती अंजलि बालकृष्ण पटेल, आभा कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, सहसचिव राघवेंद्र सिंह पालिया उपस्थित रहे।

### कार्तिक मेला मंच पर आज लोक नृत्य

उज्जैन। कार्तिक मेला मंच पर प्रतिदिन नगर निगम द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा। जिसका नागरिकों द्वारा भरपूर आनंद लिया जा रहा है। आज शनिवार को निगम द्वारा कार्तिक मेला मंच पर आर इवेंट मेनेजमेंट रतलाम द्वारा राजस्थानी लोक नृत्यों की प्रस्तुती एवं निशा म्यूजिकल ग्रुप देवास द्वारा आर्केस्टा की प्रस्तुती दी जाएगी।

**मंदिर काअनूठा प्रयोग** **मंदिर प्रबंध समिति की नई शुरुआत, जल्द खोलेंगे स्थायी काउंटर**

## इंदौर एयरपोर्ट पर श्रद्धालुओं को मिलेगी भगवान महाकाल की भस्मारती की जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** एयरपोर्ट पर श्रद्धालुओं को अब विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल की भस्मारती में प्रवेश के लिए लिए जाने वाले पास, शीघ्र दर्शन की टिकट सहित मंदिर से जुड़ी हर प्रकार की जानकारी निःशुल्क मिल जाएगी। समिति एयरपोर्ट पर इसके लिए एक स्थायी काउंटर खोलने जा रही है।

उल्लेखनीय है कि भगवान महाकाल के दर्शन के लिए देश-विदेश के श्रद्धालु उज्जैन आते हैं जो एयरपोर्ट से इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद वाहन से उज्जैन स्थित मंदिर तक पहुंचते हैं। यहां आने के बाद उन्हें भस्मारती के पास, शीघ्र दर्शन की टिकट, दर्शन, आरती, पूजन आदि की जानकारी के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रयास करने हैं। श्रद्धालु इसमें काफी परेशान होते हैं तथा अनाधिकृत लोग इसका लाभ उठाकर श्रद्धालुओं से इसकी एवज में मनमानी राशि तक वसूल लेते हैं। मंदिर समिति ने इससे निपटने के लिए इंदौर एयरपोर्ट पर एक स्थायी काउंटर खोलने का निर्णय लिया है। इस काउंटर पर श्रद्धालुओं को मंदिर से जुड़ी हर जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि इसके लिए एयरपोर्ट सलाहकार समिति ने भी अपनी बैठक में स्वीकृति प्रदान की थी।

ओलंपिक खिलाड़ी सीमा पुनिया ने शुक्रवार को परिवार के साथ महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर कुछ देर ध्यान भी लगाया। दर्शन के बाद मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने खिलाड़ी पुनिया का सम्मान भी किया।





### महाकाल मंदिर में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हुआ कार्यक्रम

महाकाल मंदिर में शुक्रवार को देश के राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्र भावना एवं देशभक्ति को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम का गान भी किया। महाकाल मंदिर समिति और पुलिस के बैंड ने प्रस्तुति दी। मुख्य रूप से यह आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में संस्कृति मंत्रालय ने आयोजित किया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इसका लाइव प्रसारण महाकाल मंदिर में एलईडी लगाकर किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, कलेक्टर रौशन सिंह, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।